HAMIRPUR POLICE

थाना कुरारा **दिनांक 14.09.2023**

लूट की घटना का खुलासा, लूट के माल सहित 03 आरोपी गिरफ्तार

अवगत कराना है कि थाना कुरारा क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक 12.09.2023 को वादी श्री अजय पुत्र रघुबीर निषाद निवासी ग्राम पड़ुई थाना कुरारा जनपद हमीरपुर ने तहरीर दिया कि 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके साथ डण्डे से मारपीट कर मोटरसाइकिल अपाचे व मोबाइल वीवो कंपनी व 1000/- रूपये छीन ले गये हैं। जिसके संबन्ध में थाना कुरारा पर मु0अ0सं0-324/23, धारा-394 आईपीसी पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण हेतु थाना कुरारा पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम में आज दिनांक 14/09/2023 को थाना कुरारा पुलिस टीम को लूट की घटना से संबन्धित अरोपियों की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त हुई। उपरोक्त सूचना पर पुलिस टीम बताये हुए स्थान के पास पहुँचे तो एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति ग्राम पतारा तिराहे की तरफ से आते दिखाई दिये जिनको रोकने का इशारा किया गया तो तीनों लोग पतारा की तरफ मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर मोटरसाइकिल सहित तीनों को पकड़ लिया गया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई टीवीएस अपाचे मो0साईकिल, मोबाइल फोन व 1000/- रु नगद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा लूट की घटना कारित करने स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त मो0साइकिल आरोपियों की निशादेही पर घर से बरामद की गई। आरोपियों से बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0-324/23 धारा 394 आईपीसी में धारा 411 आईपीसी की बढोत्तरी की गयी, तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेन्डर को 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया। अभियुक्तगणों के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय भेजा जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1)शिवम अहिरवार पुत्र मनफूल निवासी गल्ला मण्डी के पास वार्ड नं0 09 कस्बा व थाना कुरारा हमीरपुर

2)आकाश अहिरवार पुत्र श्री बरदानीलाल निवासी मु0 नौबस्ता वार्ड नं0 09 कस्बा व थाना कुरारा हमीरपुर

3)शिवचरन अहिरवार पुत्र भगवानदीन निवासी नौटंकी मुहाल कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर

आरोपियों से बरामदगी:-

1) एक मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे

2) एक मोबाइल VIVO कम्पनी

3) नगदी 500-500 के दो नोट कुल 1000 रूपये

4.)घटना में प्रयुक्त मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर

गिरफ्तार करने वाली टीम:-	3) का0 जितेन्द्र कुमार थाना कुरारा
1) प्र0नि0 थाना कुरारा श्रीप्रकाश यादव	4) का0 मनोज गुप्ता थाना कुरारा
2) उ0नि0 दीपक कुमार थाना कुरारा	5) का0 आकाश पटेल थाना कुरारा